की विध सुध देखे, दया धर्म मन भावेजी ॥ पात्रादिकको आठो विध करके, देखत धर्म कहावेजी ॥ ऋषिराज कहे मन वचन काया करी. ए सतरा संजम थवेजी ॥ ३२ ॥ दोहा ॥ अब मुनि लक्षण आठमा, सुणिये मन घर ज्ञान ॥ बारा भेदी तपतपें, तिनका करूं वखांन ॥ ३३ ॥ फूलणा ॥ अजि तिसका करूं वखांन क, ग्यानवांन मुनी तप साधेंहै ॥ धरे नही देहीपर ममता, जिन अज्ञा आराधेंहै ॥ पांचों इंद्री जीत करे बस मन, तो ज्ञान धर्म अति बांधेंहै ॥ ऋषिराज कहे ते मुनिवर जगमें, शिव पदवीको लाधेंहै ॥ ३४ ॥ दोहा ॥ अनसन और अनोदरी, भिख्याचरी परिवांन ॥ रसपरित्याग सुनि करें, काय क्लेश वखांन ॥ ३५ ॥ फूलणा ॥ अजी काय कलेस वखांन कि, पडीसिलेहन जाणोंजी ॥ प्राछित और विनय वियावच्च, सिझाय ध्यांन मन आणोजी ॥ द्वादस मा तप विउसग मुनिवरका, श्री जिनराज वखानोजी ॥ ऋषिराज कहे ए तप अराधे, पावे कोड कल्याणोंजी ॥ ३६ ॥ दोहा ॥ नौंमा लक्षण अब कहुं, सुणिये भविजन लोग ॥ ज्ञान धर्म चितमें वसे. जब मुनी साधे जोग ॥ ३७ ॥ फूलणा ॥ अजि जब मुनि साधे जोग कि, भोग तजे दुख दाईजी ॥ समकित ज्ञान करीरहु जाणं. जो किरिया जिन वतलाईजी ॥ आप तिरं औ

रोंको त्यारें. समकितका रस पाईजी ॥ ऋषिराज कहे जो ज्ञान सहित मुनि, शिव रमणीको जाईजी ॥ ३८ ॥
॥ दोहा ॥ दसमें लक्षणमें मुनी, पाले शील रतन ॥ सब विरतामें मोटको, वशकर राखें मन्न ॥ ३९ ॥ झूलणा ॥ अजी वसकर राखें मन कि, तन साधक गुण धारीहै ॥ निंद्या विकथा दूर तजें मुनि, सुध मारग सुबिचारीहै ॥ सुध बुध करिकें बहु जीवांकी, दुरगति तो निवारीहै ॥ ऋषराज कहे ये दश लक्षण मुनिके, आतम गुण हितकारीहै ॥ ४० ॥ दोहा ॥ दश लक्षण मुनि झूलणे, दोहे सहित वखान ॥ कहे निरपडे ग्राममें, जिन अज्ञा परिमाण ॥ ४१ ॥ झूलणा ॥ अजि जिन अज्ञा परिमाण, ज्ञान करि समझे उत्तम प्राणीजी ॥ असुभ करमको टालि होवे, ते नर अमर बिमांणीजी ॥ संवत उन्नीसें चुम्मालिस भादो, शुकल तीज वखानीजी ॥ ऋषिराज कहे भव जीव अराधो, श्री जिणवरकी वाणीजी ॥ ४२ ॥ इति

॥ अथ अणंत चौवीसी लिख्यते ॥

दोहा ॥ अरिहंत साधने आरिया, उवझाया सव साध ॥ ज्ञान दर्शन चारित्र तप, ये नौं पद आराध ॥ १ ॥

नव पदका धरूं ध्यान सुमर सत गुरुको ॥ में नित नित करूं प्रणाम सदा जिनवरको ॥ श्री ऋषिभ अ-

जित संभव अभिनंदन स्वामी ॥ श्री सुमत पदम सोपा-
रस चंद्रप्रभु नामी ॥ श्री सुवद शीतल श्रंस वासपूज
गुणधांमी, श्री विमल अणंत धर्म श्री शांत शुकल परि-
णांमी ॥ श्री कुंथ अरहे मल्लि मुनसुव्रत जन हित कामी
नमी नेम पारस माहावीर जगतमें नामी ॥ अब वंदू
मन वच काय सदा श्री जिनको ॥ न० ॥ मैं० ॥ १ ॥
जंबू दीपनें महाविदेहके स्वामी, श्री सीमंदर अरु जुगमं-
दिर जिन नामी ॥ बाहु सुबाहु जिनवर केवलज्ञानी, सु-
जात स्वयंप्रभु वंदू निरमल ध्यांनी ॥ श्री ऋषभानन अ-
णंतवीर्ज जिन राया, श्री सूरप्रभु विशाल महा सुख दा-
या ॥ अब वंदू वज्रधर श्री चंद्रानन को ॥ न० ॥ २ ॥ चं-
द्रबाहुजी भुजगम गुणधारी, ईश्वर नेमीस्वर नाम सदा
जैकारी ॥ श्री वीरसेननें महाभद्र मन भाया, देवजस्स श्री
अजित वीर महाराया ॥ वंदूं दोय कोड मुनीस्वर केवल-
ज्ञानी, जघनपदे यह जान कही जिन सत बानी ॥ अब
मैं वंदूं चौदासे बावन गणधरकों ॥ न० ॥ ३ ॥ उतक्रिष्ट
पद मांहि एकसोसत्तर, वंदूं मैं जिनराय भाव करी एकत्तर
॥ केवलज्ञांनी नव कोड नमुं मन लाए, जघन नमुं दोय
कोड सहिस मुनिराए ॥ उतकृष्ट नव सहिस कोड अण-
गारे, ढाईद्वीपके मांहि सदा सुखकारे ॥ अब मुद्ध भाव
करी ध्यांउं च्यार सर्णको ॥ न० ॥ ४ ॥ श्री वीतराग जिन

देव देव सुखकारो, तुम निर्ग्रंथ गुरुको जान दया मनधारे ॥ यह धर्म तणो परभाव अमरपद पावो, अब एम कहै ऋषिराय भाव सुद्ध भावो ॥ यह सम्वत उन्नीसे उपर पचपन जानों, कशबे बिडोली माहि चौमासा मानों ॥ यह आनंद मनसें गुन गाया श्री जिनको ॥ न० ॥ ५ ॥ इति

॥ अथ चौबीसी स्वतन लिख्यते ॥

सुभुपत आई मिल्याहो, वज्रसु जंघ उदार ॥ ए देशी ॥ ए नरभव आई मिल्याहो; पूर्व पुन्यज सार ॥ दुख संकट दूरे टल्याहो, पाम्यो धर्म उदार ॥ ए टेर ॥ ऋषभ अजित जिन ध्यावताहो, होवे शुभ परिणामे ॥ संभव अभिनंदन प्रभुहो, आनंद कारी स्वामें ॥ सुमत पदम सुरु मन वस्योहो, वीतराग भगवानें ॥ सुपारस चंदा प्रभुहो, चंद्र सरीखो ध्यानें ॥ ए न० ॥ १ ॥ सुवधनाथ शीतल प्रभुहो, वंद्या शीतल भावे ॥ श्रेयांस वासपुजजीहो, सिमरया शिवसुखपावे ॥ विमल अणंत अरिहंतजीहो, अणंत गुणोंके धामें, धर्मनाथ अरु शांतिजीहो, साताकारी स्वामें ॥ ए न० ॥ २ ॥ कुंथनाथ अर्हनाथजहिो, अतिसे चोतिस धारें ॥ मल्लि मुनिसुव्रत स्वामजीहो, पेंतीस वानी उचारें ॥ नमीनाथ अरु नेमजीहो, सब, जीवां हितकारें ॥ पारस प्रभु महावीरजीहो, शासनके सिरदारें ॥ ए० ॥ ३ ॥ चोदासे बावन नरुंहो, गणधर महा गुणधारें ॥ चौवीसों

जिनजी तणाहो, आगम अर्थ भंडारें ॥ विहरमान वंदू सदाहो, वसिजु हं जिनरायें ॥ मन वचन काया करीहो, ध्यांन धरूं चितलाये ॥ ए० ॥ ४ ॥ आर्यदेश उत्तम कुलेहो, मनुष तणों भव पायें ॥ श्री जिनवर गुण गावताहो, जनम सुफल होजायें ॥ संवत उन्नीसें पचासमेंहो, करनाल नगर चौमासें ॥ ऋषराज कहे जिन ध्यावतांहो, पूरे मनकी आसें ॥ ए० ॥ ५ ॥ इति

॥ अथ चौवीस जिन स्तवन लिख्यते ॥

सुमत दायक सतगुरु नमीजी. जिणसें सम्यक ज्ञान ॥ वर समकित दर्शन भलाजी. चारित तप शुभ ध्यांन ॥ गुणोदधि चौवीसो जिणराय ॥ १ ॥ श्री आदिनाथ आदीसरूजी. आदि धर्मके स्वामि ॥ पंच महा विरत धारिकेंजी. कीना उत्तम काम ॥ गु० ॥ २ ॥ आजितनाथ अजितं प्रभुजी. धन श्री जिन अवतार ॥ धर्म देसना देइकेंजी. लिधा शिवपद सार ॥ गु० ॥ ३ ॥ संभवनाथ जिन देवनंजी. वंद्या सुभ परिणाम ॥ चिहुं गतिना दु ख टालिकेंजी. शिवपद दीजे स्वामि ॥ गु० ॥ ४ ॥ अभिनंदन आनंद करोजी. मुक्तिरमण भरतार ॥ तुम नामें सुख संपदाजी. तुम नामें निस्तार ॥ गु० ॥ ५ ॥ सुमतिनाथ सुमती करोजी. कुमती टालो दूर ॥ उज्वल होवे आतमाजी, वंछित आशापूर ॥ गु० ॥ ६ ॥ पद्मप्रभु पद्मासनंजी, ध्यान

कीया हितकार ॥ आरत रुद्र निवारकेंजी, धर्म शुकल मलधार ॥ गु० ॥ ७ ॥ सुपारस जिन गुण स्तवेजी, इंद्रादिक जे देव ॥ जनम सुफल नर ते करेजी, अहनिश सारें सेव ॥ गु० ॥ ८ ॥ चंद्रप्रभु गुण निर्मलाजी, दोष न कोई शरीर ॥ चंद्रवर्ण सम ध्यांनसेंजी, साहसवंत सधीर ॥ गु० ॥ ९ ॥ सूवंदनाथ पुष्पदंतनेंजी, ए दो नाम सुजान ॥ सुबुध दायक प्रभु जगतमेंजी, तुम महिमा असमांन ॥ गु० ॥ १० ॥ शीतलनाथ शीतल पणेंजी, कीधा सूध परिणांम ॥ क्रोध मान माया नहीजी, लोभ तजा तुम स्वामि ॥ गु० ॥ ११ ॥ श्रेयंसनाथ हे कायनेंजी. दान अभे जिन दिध ॥ दया धर्म चित धारकेंजी. उत्तम करणी कीध ॥ गु० ॥ १२ ॥ वासपूज जिण रायनेंजी. टाला आतम दोष ॥ दस लक्षण मन धारकेंजी. कीना मन संतोष ॥ गु० ॥ १३ ॥ विमल नाथ गुण सिमरताजी. निरमल होवे आप ॥ सुध सरधा आवे सहीजी. दूर होय सब पाप ॥ गु० ॥ १४ ॥ अणंतनाथ जिन ज्ञाननेंजी. दर्शन केवल धार ॥ चारित तपके तुम धनीजी. अणंत वली सुखकार ॥ गु० ॥ १५ ॥ धर्मनाथ जिन धर्मनाजी. दायक श्री भगवान ॥ धर्म धार शिव सुख लह्याजी. निश्चल पद निरवान ॥ गु० ॥ श्री शांतिनाथ साता करीजी. मृगी मारे निवार ॥ चक्र

अरती यह पांचेमजी. दो पदवीके धार ॥ गु० ॥ १७॥ कुंथनाथ चक्री छठेजी. वरतावी जिन आंण ॥ संजम ले तप धारिकेजी. पाया अविचल थांन ॥ गु० ॥१८॥ अरेहेनाथ जिन सातवजी, चक्री गुणके धार ॥ परउपगारी साहिबाजी, गुण मणके भंडार ॥ गु० ॥ १९ ॥ मलि- नाथ ब्रम्हचारीनाजी, चरण सरण मुझ होय ॥ इण भव पर भव तुम विनाजी, और न सरणा कोय ॥ गु० ॥२०॥ मुनिसुव्रत व्रत भलाजी ॥ धारक हें जिनराय ॥ तारण तिरण जिणेसरूजी, तुमविन कोन कहाय ॥ गु० ॥ ॥ २१ ॥ नमीनाथने नित नमुंजी, करजोडी सिरनाम ॥ नीच गोत्र कुल नही लहुंजी, उंच गोत्र कुल पाम ॥ गु० ॥ २२ ॥ अरिष्टनेमी वैरागसेंजी, त्यागी राजुल नार ॥ तोरणसेंती फिर गयाजी, जीव दया मनधार ॥ गु० ॥ २३ ॥ पारसनाथ मुझ मन वस्याजी, मधुकर मालती जेम ॥ गुण सुमरण में नितकरूंजी, लगया तु- मसें प्रेम ॥ गु० ॥ २४ ॥ महावीर बुद्धिमानंनजी, वंदु चे करजोडी ॥ शासन नायक जगपतीजी, मुझ भव बं- धन तोड ॥ गु० ॥ २५ ॥ अणंत चोवीसीनें नमुंजी, चो- दा सय बावन्न ॥ गणधर जिन चोवीसनाजी, प्रणमुं म- न वच तन्न ॥ गु० ॥ २६ ॥ संवत उगणीस गुणपंनजी, आश्रम मासें चोमास ॥ ऋषिराज कहे में नित नमुंजी,

चौवीस जिन गुण रास ॥ गु० ॥ २७ ॥ इति

॥ अथ उपदेश सिझाय लिख्यते ॥

वाणी श्री जिनराजनी, भविजननें हितकारीरे ॥ इन संसार समुद्रसें, तरया बहु नर नारीरे ॥ वा० ॥ १ ॥ भवनपती वाण व्यंतरू, जोतिषी और विमांणीरे, चारो जातिके देवता, श्रवण सुनें जिन वाणीरे ॥ वा० ॥ २ ॥ चार जातकी देवीया, भक्तवसें गुण गावेरे ॥ नर नारी त्रियंचनी; वाणी सुण सुख पावेरे ॥ वा० ॥ ३ ॥ जिनवर वारे परषदा, मांही दे उपदेशोरे ॥ जो सरधे हित जानकें, होवे ते परमेशोरे ॥ वा० ॥ ४ ॥ आगारनें अणगारनां, दो विध धर्म बखानोरे ॥ अणुव्रितनें महावृति, समझो चतुर सुजानोंरे ॥ वा० ॥ ५ ॥ हिंस्या मृषा जाणीयें, और अदत्ता दानोंरे ॥ मैथून परिह पांचए, देश त्याग ग्रही जाणोंरे ॥ वा० ॥ ६ ॥ दिस मर्याद छवीसनी, बोलांकी मरयादोरे ॥ अनर्था दंडनें त्यागकें, मकरो मन विषवादोरे ॥ वा० ॥ ७ ॥ सामायक संभरकरो, पोसह पडिक्मणा धारोरे ॥ दान देवो सुध भावसुं, जिम होवे निस्तारोरे ॥ वा० ॥ ८ ॥ वारे वृत श्रावकतणा, पालें जे नर नारीरे ॥ वारमें स्वर्ग तणी लहे, पदवी ते सुखकारीरे ॥ वा० ॥ ९ ॥ जघन तो पहिले स्वर्गमें, उत्कृष्ट पदजो पावेरे ॥ वारमें कल्पें स्वर्ग-

ना, सुखसुख मनमें माबेरे ॥ वा० ॥ १०॥ साधूपणीं जो संग्रहे; पाले निरती चारेरे ॥ सर्वथा ते हिंसक नही, सत्य वचन चित धारेरे ॥ वा० ॥ ११ ॥ अदत्तदांन लेवें नही स्त्री परिग्रहे त्यागीरे ॥ पंच महाव्रत आदरी, आतम ध्यान वैरागीरे ॥ वा० ॥ १२ ॥ जघनतो पहिले स्वर्गमें, उपजे मुनी गुणवानेरे ॥ उत्कृष्ट ठह थीसमें, स्वार्थसिद्ध निमाणेरे ॥ वा० ॥ १३ ॥ ज्ञान दरशन चारित्र तपे, धारत कर्म निवारेरे ॥ दान शील तप भावना, मुक्ति मारग ए चारेरे ॥ वा० ॥ १४ ॥ ऋषिराज कहे मुक मनवसी, जिन वाणी सुखकारीरे ॥ सुमत प्रकाश करी डणें, कुमती दूर निवारीरे ॥ वा० ॥१५॥ संवत उगनीसें सत्तावनें विनोली चौमासोरे ॥ जिन वाणी गुण वर्णव्या, आणी मन हुलासोरे ॥ वा० ॥ १६ ॥ इति

॥ अथ रात्री भोजनपर चौपाई तथा श्लोक लिख्यते ॥

चौपाई ॥ अणगल पाणी घट वापरे, सात गांम जलावणी करे ॥ तेह पापथी परभवें थाय, नारक कूतरा मींडे बिलाव ॥ १ ॥ साठी वरस लग मांहे जाल, पाडे मच्छ कच्छ सुकुमाल ॥ एक दिन अणगल नीर पीय, पुनलो पाप बोल्यो प्रसिद्ध ॥ २ ॥ उक्तंच ॥ विष्णु पुराणे श्लोक ॥ ग्रामाणां सप्तके दग्धे, यत्पापं जायते किल ॥ तत्पापं जायते पार्थ, जलगा गालिते घटे ॥ ३ ॥ मेकस्मात्

यत्पापं, कैवर्तस्यैव जायते ॥ एकाहेन तदा भोति, अ-
पूत जल संग्रही ॥ २ ॥ (रात्री भोजन पानके क-
रणेके निषेधमे) उक्तंच ॥ मार्कंडेय पुराणे श्लोक ॥
अस्तं गते दिवानाथे, तोयं रूधिर मुच्यते ॥ अन्नं मांसं
समं प्रोक्तं मार्कंडये महर्षिणा, ॥ १ ॥ (जिव दयाके विषे)
उक्तंच ॥ मारकंडेय पुराणे श्लोक ॥ जीवाणा रक्षणं श्रेष्टं,
जीवा जीवित कांक्षिणः ॥ तस्मात् समस्त दाने भ्यो, अ-
भय दानं प्रशंस्यते ॥ १ ॥ चौपाई ॥ वली महाभारथ
बोल्या अछे, ते तो युधिष्ठरनें मन रुचे ॥ जूं माकडनें
लीख दंशमशा; जे तनुनें पांडे जीव धस्या ॥ पुत्र परे
ते पालें जेह स्वर्गें मानव जावे तेह ॥ तडके नाखी तस
पीडाकरे; ते प्राणी नरकें संचरे ॥ २ ॥ उक्तंच ॥ युकाम
त्कुणदंसादीन्, येजंतूस्तूद तस्तनूः ॥ पुत्रवत्परि रक्षंति ते
नरा स्वर्ग गामिनः ॥ १ ॥ आतपादौचये घ्नंति, तेवै
नरक गामिनः ॥ सर्वत्र कार्या जीवानां, रक्षाचैवायधिनां
॥ २ ॥ (और रात्री भोजन, कंद, मद्य मांसके त्यागके वा-
रेमे महाभारतकेश्लोक) मद्य मांसाशनं रात्रौ, भोजनं
कंद भक्षणं ॥ ये कुर्वंति वृथा तेषां, तीर्थ यात्रा जपः स्त-
पः ॥ १ ॥ वृथा एकादशी प्रोक्ता, वृथा जागरणं हरे ॥
वृथाच्च पौष्करी यात्रा, कृत्स्नं चांद्रायण वृथा ः ॥ २ ॥ चा-
तुर्मास्येतुसंप्रामे, रात्रौ भोज्यं करो तियः ॥ तस्य शुद्धिर्न-

विधेत, चंद्रायण शतै रपिः ॥ २ ॥ (श्री ऋषभदेवजीकी तारीफके विषे भागवत ग्रंथे ॥ उक्तंच ॥ नित्यानुभूत निज लाभ निवृत्त तृष्णा, श्रेयस्यतद्रचनया चिर सुप्तबुद्धेः ॥ लोकस्ययो करुणयो भयमात्म लोके माख्यो; नमो भगवते ऋषभाय तस्मै ॥ १ ॥ अर्थ—उस ऋषभदेवको हमारा नमस्कार हो, सदा प्राप्त होने वाले आत्म लाभसे जिसकी तृष्णा दूर होगईहै और जिन्होनें कल्याणके मार्गमें रूढी रचना करिके जानएसोतेहुएजगतकी दया करिकें दोनो लोकके अर्थ उपदेश कियाहै॥१॥ ऐसा उत्तम देवहै ॥ (और महाभारत ग्रंथमें रात्री भोजनादि निषेध विषे श्लोक) ॥ चत्वारो नरकं द्वार, प्रथमं रात्री भोजनं ॥ परस्त्री गमनं चैव; संधानंनंत कायकं ॥ १ ॥ ये रात्री सर्वदाहारे, वर्जयंते सुमेधसः ॥ तेषां पक्षोपवासस्य, मासमेकेन्न जायते ॥ २ ॥ नोदकमपि पातव्यं, रात्रावत्र युधिष्टरः ॥ तपस्विनां विशेषण, ग्रहीणांच विलोकितां ॥ ३ ॥ मृतेस्वजनमात्रेपी; सूतकं जायते किल ॥ अस्तं गते दिवानाथे. भोजनं क्रियते कथं ॥ ४ ॥ रक्तामवंतितोयानी, अन्नानि पिशिता निचः ॥ रात्री भोजन सक्तस्य, ग्रासेन मांसभक्षणं ॥ ५ ॥ उदंबरा भवेत्मासं, मासंतोयमेव वम्यकं ॥ चर्मधारो भवेन्मासे, मांसेच निशि भोजनं ॥ ६ ॥ उन्दूक

काक मार्जारं, अघ संवर सूकरा ॥ अहिवृश्चक गोधा-घा, जायते निशि भोजनात् ॥ ७ ॥ मद्य मांसाशनं रात्रौ; भोजनं कंद भक्षणं ॥ भक्षणान्नरकं याति, वर्जनात् स्वर्गमा प्रुयात् ॥ ८ ॥ अज्ञानेन मया देव, कृतं मूलक भक्षणं ॥ तत्पापं यातु गोविंद, गोविंदं तव कितेनात् ॥ ९ ॥ रसोनंगृजनं चैव, पलाडू पिंड मूलकं ॥ मत्स्या मांसं सुरा चैव, मूलकंच विशेषतः ॥ १० ॥ (शिव पुराण ग्रंथमे जिमि कंद निषेद विषे श्लोक) यस्मिन् ग्रहे सदा नित्यं, मूलकं पाच्यते जनैः ॥ स्मशान तुल्यतद्वेस्म, पितृभि परि वर्जितम् ॥ १ ॥ मूलकेनसमं चानं, यस्तु भुक्ते नरोधमा ॥ तस्य शुचिर्नविद्येत, चांद्रायण शतैरपि ॥ २ ॥ भुक्तं हला हलं तेन, कृतंचाभक्ष भक्षणं ॥ वृताक भक्षणं चापि, नरोयांतिचरौरवं ॥ ३ ॥ (जल गणणेके विषे मनुस्मृतिका श्लोक) दृष्टि पूतं न्यसेत्पादं, वस्त्र पूतं जलं पिबेत् ॥ सत्य पूता वदेद्वाच्यं, मनः पूतं समाचरेत ॥ १ ॥ संवत्सरेण यत्पापं, कुरुतेमत्स्य वधकः ॥ एकाह न तदा प्नोति, अपून जल संग्रहे ॥ २ ॥

॥ अथ समत्सर्रीके विषे सिझाय लिख्यते ॥

दोहा ॥ मनुष्य जनम दुरलभ लही, पायो आरज खेत ॥ फिर यह यह ओसर दोहिला, चेत सके तो चेत

॥ १ ॥ जिन वाणी श्रवन सुनी, हृदय न प्रगट्यो ज्ञान ॥ खट रसमें चाटू फिरे, स्वाद मूल नही जान ॥ २ ॥ मूढमति कुल रूढमें, कर रह्यो खेंचातान ॥ सूत्र सुद्ध नही ओलख्यो, मोह विकलते जान ॥ ३ ॥ देव कुदेव न ओलख्यो, सुगुर कुगुर नहि सूझ ॥ धर्म अधर्म समझो नही, कर्म अकर्म न बूझ ॥ ४ ॥ तत्वातत्व न जानियो, भक्ष अभक्ष न जोय ॥ मनमें ज्ञानी होय रह्यो, कूडी सरधा सोय ॥ ५ ॥ एक एक मूढमती अछे, कीयो पर्वमें भेद ॥ सूत्रा नाम वतायते, मनमें धरही उमेद ॥ ६ ॥ पुछ्या उत्तर नवि लहे, पाछें करें मरोड ॥ ते नर मूढ गमारियो, निंद्या मयल निचोड ॥ ७ ॥

ढाल ॥ सूत्रविरुद्ध परूपणा करता इण संसारोरे ॥ तेहनो हिवे निरनय करो, सांभल करो विचारोरे ॥ जिनधर्म इम सुध ओलखो ॥ संवत्सरी पर्व जिण कह्यो, सर्व पर्वनो मूलरे ॥ तेह विपरीत करयो अछे, जारी जावक दीसे भूलरे ॥ जि० ॥ २ ॥ आसाढ पूनम पर्वछे, चौमासीगुण नामेरे ॥ चार मासनां दोपजे, आलोवें शुभ परिणामेरे ॥ जि० ॥ ३ ॥ चौमासी पडिकमीयां पछें, एक मास दिन वीसरे ॥ पज्यूसण पर्व करणो कह्यो, समायांग जगदीसेरे ॥ जि० ॥ ४ ॥ संवत्सरी इक वरसनो, पाप अलोवे नवजीनेरे ॥ मास बारानें पख गिणं,

थोर्वासना सव दीहरे ॥ जि० ॥ ५ ॥ तीनसे साठ दि-
नां तणां, क्षमावण संघ च्यारेरे ॥ पिण छुंद मास गि-
णता नथी, जोवो हिये विचारीरे ॥ जि० ॥ ६ ॥ इम
करतां साध साधवी, चौथे आरे जाणेरे ॥ असाढने पोस
जिण पत्रमें ॥ छुंद होय सु विहांनेरे ॥ जि० ॥ ७ ॥
सीत अने ग्रिषमतणो, चौमासो कह्यो एहरे ॥ पिण
पांच मास गिणतां नथी, तिन चौमासा तेहरे ॥ जि ॥
॥ ८ ॥ इस दूखम कलु कालमें, सामन छुंद बतायेरे ॥
ते छूंद मास लेखें लीयो, दूजें सावणें पर्व ठायेरे ॥
॥ जि० ॥ ९ ॥ जो कोई पूछे तेहनें, सावण पर्व न चा-
ल्येरे ॥ ताण करे हीयानी घणी, जाव दिनारो क्षा-
ल्येरे ॥ जि० ॥ १० ॥ चौमासी पडकामिया पछे, दि-
न पंचास बतावेरे ॥ सत्तर दिन उथापनें, कूडा हेत
लगावेरे ॥ जि० ॥ दिन पंचासनें कालानें, सत्तर दिननें
छिपावेरे ॥ एक आखने मूंदनें, वीजीनें टमका-
वेरे ॥ जि० ॥ १२ ॥ समत्सरी पडिकम्या पछे, दिन सत्त-
रने चोमासीरे ॥ कार्तिक सुद्री पून्यम तणी, आदि जिने-
स्वर भापीरे ॥ जि० ॥ १३ ॥ एक ग्रहीनें पांच पुत्र था,
तिणमें चार पुत्र सिरकारेरे ॥ एक नपुंसक बोवडो, तिण-
थी वंश न वधे लिगारेरे ॥ जि० ॥ १४ ॥ ग्रहे पुत्र
परणावता, नपुंसकनें परणावेरे ॥ तिण वदले नर पुत्रनें

रासे कुवारे दावेरे ॥ जि० ॥ १५ ॥ तिम अभिवर्द्धन वरसना, तेरा मास कहीजेरे ॥ चौमासी तिन जिन कही, लूंद मास न गिणजेरे ॥ जि० ॥ १६ ॥ लूंद नपूंसक जिम गिणो, तेहतो मूलमें थापेरे ॥ जादो पुत्र श्रीकारने, अफल गिणे नही धापेरे ॥ जि० ॥ १७ ॥ कवारा राखे श्रीकारने, नपूंसकने परिणावेरे ॥ तिम मूल मास गिणता नथी, लूंदनें वहोत लडावेरे ॥ जि० ॥ १८ ॥ जिन मारग न-ही उलख्यो, उंधा घोचा घालेरे ॥ लोह वानीयांनी परें फूरसी, उलटे मारग चालेरे ॥ जि० ॥ १९ ॥ इम जा-णी भव जीवनें, सूत्र पद दिल धरीयेरे ॥ सरदहना जिन वचननी, उलट भेद नही करीयरे ॥ जि० ॥ २० ॥ संवत उनिसे एकको, फागुण मास विचारोरे ॥ ढाल कही सिख्या भणी, निज आतम उपगारोरे ॥ जि० ॥ २१ ॥ पुज हरजीमलजी तणों, सिष्य रत्न इम बोलेरे ॥ सखि सुणी देश मतिधरो, जिण वाणीसुं तोलेरे ॥ जि० ॥ २२ ॥ इति

॥ अथ संवत्सरी विषे सझाय दुसरी लिख्यते ॥

दोहा ॥ श्री जिनवर वांणि कही, सूत्र अंग उपंग ॥ चरण करण खट द्रव्यना, धर्म कथा परसंग ॥ १ ॥ तिनमें खट द्रव्य भेदमें, सप्त भंगी पक्ष आठ ॥ चार प्र-मान नय सप्त विध, अनुयोगे विध पाठ ॥ २ ॥ च्यार निखेपा जामीया, अणंत नयात्म जैन ॥ पांच विवहारने

जानिया, एह श्री जिन वैन ॥ ३ ॥ आगम श्रुत अरु धारण अज्ञा जीत विवहार ॥ एक एक निहांनसें; रहतां सुद्ध विव्यहार ॥ ४ ॥ जो आगममें नही लिख्यो, तो परंपर शुद्ध विचार ॥ आगम वचन ओलख्या पछे; मति मानो विव्यहार ॥ ५ ॥ ठाणांगने पांचमें, ठाणे श्री जिन वैंन ॥ उंधी थाप करे जिको, ते मति मानो सैंन ॥ ६ ॥ संवत्सर पर्व जिन कह्यो, समाअंगरे माहि ॥ भादो सुदी पंचमी तणो; यामे संसे नाहि ॥ ७ ॥

ढाल ॥ दुषम आरेरे पांचमों, तिणमें सम्यक्त दुर्लभ जाणोरे ॥ पखलीयां खेंचे घणी, जिण मारग न पिछाणोरे ॥ सरधा दुरलभ जिन कही ॥ १ ॥ एक २ इस कलि विखें, चौथ छमछरी झालेरे ॥ पूछ्यां उत्तर इम कहे, पंचमी माहि चालेरे ॥ स० ॥ २ ॥ पिण कालिकाचार्य चौथमे, संवत्सरी पर्व कीधोरे ॥ तेहना हम केडा जती, तेहना मत हम लीधोरे ॥ स० ॥ ३ ॥ पिण वीर वचन नही मानीया; ते कहे परंपराय जोईरे ॥ कारण जाणी विसेषथी, आचारज कीधी सोईरे ॥ स० ॥ ४ ॥ दूजे समतसर आवता, देवलोक गया सूरीरे ॥ नहीतो पंचमी थापतो, करणनिया सव दूरीरे ॥ स० ॥ ५ ॥ धर्म विरधन कारणे; राजाने समझायोरे ॥ नाग पंचमी रायनी; चौथमें पर्व उठायोरे ॥ स० ॥ ६ ॥ ते आचार्यनी परंपरा, करता बहुजण

दीसेरे ॥ हिवे तुम सुनजो चितधरी, मति करजो कोई रीसेरे ॥ स० ॥ ७ ॥ कोई कहे घडिया विषे, परत्र सम-घर आवेरे ॥ तेहने माने तिथि पंचमी, पडीकमणादि करावेरे ॥ स ॥ ८ ॥ पिण सूत्र वचन नही ओलख्यो, मनेमे विरू कहावेरे ॥ कहे हम करेहे परंपरा, मनेमे हरख न मावेरे ॥ स० ॥ ९ ॥ सूत्र नशीतमे देखलो, दसमे उदेसा माहिरे ॥ भादो सुदी पंचमी दिनें, पज्यूसण पर्व ठाहिरे ॥ स० ॥ १० ॥ भादो सुदी पंचमी दिनें, असण पाणनें मेवारे ॥ ओसध परमुख सब तजो, कहे जिनेसर देवारे ॥ स० ॥ ११ ॥ घडियांनें पंचमी माननें, पडिक्कमणों चोथमें कीधेरे ॥ दूजे दिन परभातथी, असण पाण किम कीधेरे ॥ स० ॥ १२ ॥ घडियां जती पंचमी; अहार न करता जेहरे ॥ तो घडिया मानी सही, नही-तो गहिला तेहरे ॥ स० ॥ १३ ॥ और त्याग पांचमी तणो, हरी कुशीलनों होईरे ॥ ते किण दिन मानो तुमे; एह सुनावो मोईरे ॥ स० ॥ १४ ॥ कहें त्यागनी तिथ जे दिनें, उदया पंचमी लेवारे ॥ तो पडिकमण तिथ दूरें करी, कहां कहीं श्री जिण देवारे ॥ स० ॥ १५ ॥ पुछ्यारो उत्तर दे नही, एक परंपरा मुख गावेरे ॥ कहें पला करता आगें, हम पिण करेंहे उवांहेरे ॥ स० ॥ ॥ १६ ॥ गुरु सूत्र नहीं संभल्यो, ताणे हियामें का-

लीरे ॥ कागलमें लिख चौथनें, पंचमी पडिकमना घा-
लीरे ॥ स० ॥ १७ ॥ इन विध हेतु कहां लग कहुं, सू-
त्र निरनय कीजेरे ॥ सम्यक्त रतन अराधनें, पक्षमें चि-
त न दिजेरे ॥ स०॥१८॥ सिष्य हरजीमलजी ;तणो रतन
चंद कहे एमेरे ॥ जूग नवनिध सशी सालमें, श्री जि-
नसें धर पेमेरे ॥ स० ॥ १९ ॥ इति

॥ अथ धर्म चरचानी सिझाय लिख्यते ॥

॥ दोहा ॥ श्री जिनवर सुख कारणी; वाणी इम्रत धार ॥ वरषे भविजन त्यारवा, सुद्धि बुद्धि दातार ॥ १ ॥ हलुकरमी जीवां प्रतें, लागे जिन उपदेस ॥ गुणग्राही गुण आदरे, त्यागे सकल कलेश ॥ २ ॥

ढाल ॥ राजा दसरथ दीपतोरे ए देशी ॥ श्री जिन वाणी दीपतीरे, प्रसिद्ध इण संसार ॥ निश्चे और विवहार, नय भाखे सुखकार ॥ श्री० ॥ १ ॥ व्यौवहार अधिक कहे वीरजीरे, ते सांभलजो सुविचार ॥ भाव संजमी वर वसेरे, जप तप करत अपार ॥ श्री० ॥ २ ॥ कर्म पडें जारा पातलारे, केवल ज्ञान उदार ॥ द्रव संजम विन उपजेरे, यह जिन वचन विचार ॥ श्री० ॥ ३ ॥ विना भेष एहवा मुनीरे, गुणवंत ज्ञान अपार ॥ विवहार विना सुर नर पतीरे, वंदे नही तिणवार ॥ श्री० ॥ ४ ॥ भेष लिया महुलां ममेरे, मानें सुन उपदेस ॥

दुरगतिथी ते उधरीरे, टाले जो भय कलेस ॥ श्री० ॥
॥ ५ ॥ मुनीवर उठे गोचरीरे, बयालीस भेद विचार ॥
टालत दोष न जाणीयेरे, आधा करमी अहार ॥ श्री० ॥
॥ ६ ॥ विन जाणे ते आणीयेरे, केवली पासें अहार ॥
देखीने भली भातसुरे, मुनीवर गुण भंडार ॥ श्री० ॥
॥ ७ ॥ केवली अहार न ते करेरे, मनमें धार संतोस
॥ नही परकाशे जानकेरे, साधू आगल दोष ॥ श्री० ॥
॥ ८ ॥ जिन वचनारी आसतारे, उत्तर डाण परका-
र ॥ नही थापे विवहारथीरे, पाले संजम भार ॥ श्री० ॥
॥ ९ ॥ पहिला चक्री भरतेस्वररे, आरीसा भवन मंझार
॥ संजम भावे तोडीयारे, चार करम दल भार ॥ श्री० ॥
॥ १० ॥ केवल उपनो निरमलोरे, सुरपत आया ताम ॥
भेष देई पाछे नमेरे, दरसन लीयें अभिराम ॥ श्री० ॥
॥ ११ ॥ उपदेश माला विगतमारे, एह कह्यो अधिकार
॥ नय विवहार परसिद्धछेरे, ऊंडो अर्थ विचार ॥ श्री० ॥
॥ १२ ॥ प्रश्नचंद निज भेषथीरे, वैराग्यं मनलाय ॥
अशुभ भाव सब टालिकेरे, पहुंचे शिवपुर माहि ॥ श्री० ॥
॥ १३ ॥ मेतार्ज ऋष आवीयारे, राजग्रही मंझारोरे ॥
सोनी लखमन भावस्युरे, देवे सुध अहार ॥ श्री० ॥ १४ ॥
जव कनकना पंखीयेरे, आय चुग्या तिन वारोरे ॥ आ-
ण देखतां तिन समेरे, कीधो क्रोध अपारोर ॥ श्री० ॥ १५ ॥

पूछतां उत्तर नविदीयोरे, मेतार्य रिष साध ॥ मौंन कीयो शुभ ध्यानथीरे, आतम गुण आराध ॥ श्री०॥१६॥ चाम वेदना मस्तकेरे, दीधी तिण ततकालोरे ॥ केवल लही मुक्त पधारीयारे, श्री जिन धर्म उजालोरे ॥श्री० ॥ १७ ॥ पंखीये जव जौं वम्यारे, देखें सोनी तामोंरे ॥ श्रेणकथी भय आणकेरे, भेष लीयो अभिरामोरे ॥ श्री० ॥ १८ ॥ श्रेणक मुनकें तेहवेरे, दीधा जीतव दानेरे ॥ भेष विवहार वडो अछेरे, श्री जिन राज वखानोरे ॥ श्री० ॥ १९ ॥ भेष वंदू सुभ भावथी, निंद्यो मत सुविचारोरे ॥ धर्म जतीनो भेषथीरे, दीपे जगत मंझारोरे ॥ श्री० ॥ २० ॥ साधू सम किरिया करेरे, ग्रहस्त पदनें माहेरे ॥ वंदे नही कोई आयनेरे, पिण सूत्रनी न्यायेरे ॥ श्री० ॥ २१ ॥ सेलग सिष पंथक भलोरे, गुरु भक्ता गुण धामरे ॥ परमादी गुरुनें तिहारे ॥ वंदन करे अभिरामरे ॥ श्री० ॥ २२ ॥ इकीस सहेंस वरसा लगरे, वरतसी श्री जिण धर्मोरे ॥ जे नर नारी पालसीरे, टलुसी आठों कर्मोरे ॥ श्री० ॥ २३ ॥ विक्रम सम्वत वरततारे, उन्नीसे अडतीसरे ॥ एह उपदेश सुनावीयोरे, जेम कह्या जगदीसरे ॥ श्री० ॥ २४ ॥ श्रावक गुण रागी घणारे, गाम ढिंढाली माहिरे॥ तिन आग्रह चौमासमेंरे, जोड करी उछाहरे ॥ श्री० ॥ २५ ॥

बुधजन समफ पहवारे, सुण सतगुरु उपदेसरे ॥ व्रत धारो सुध भावथीरे, टालो भवना कलेसरे ॥ श्री.॥२६॥ ज्ञान दरसन चारित्र भलोरे, तप कर कर्म खिपायरे ॥ कवरसेन गुर प्रसादथीरे, एम कहे ऋषिरायरे ॥ श्री० ॥२७॥

कलश ॥ देव श्रीजिन धार मुज मन, निर्गंथ गुरु चित लाईये ॥ जिन धर्म सेवो दांन देवो; शिव रमणी सुख पाईयें ॥ २८ ॥ ऋषराज भाखें संघ साखें, सुणो भवि हित आणए ॥ निश्चे अराधो विवहार साधो, साधतां कल्याणए ॥ २९ ॥ इति

दोहा ॥ आतम गुण ग्याता अगुण, निरगुण नाहि प्रवीन॥ जो ग्याता सो पर्म सुख, अज्ञाता दुःचीन॥ १ ॥

अथ पद राग काफी ॥ दोश विन सोच न कोय ॥ निंधा म्हारी कोईकरोरे ॥ १ ॥ निंदक सम उपगार करेकुण, अंतर करणं जोय ॥ निंधा० ॥ २ ॥ आप तणां गुण करकर मेला, उज्वल कर रहे मोय ॥ निं० ॥ ॥ ३ ॥ विन साबून रजगार लीये जिन, कर्म मेल डारे धोय ॥ निं० ॥ ४ ॥ रतन जतन कर मन थिर राखो, सोंना काट न होय ॥ निं० ॥ इति

॥ अथ श्री सिमंधर जिन स्तवन लिख्यते॥

वीर सुनों मोरी वीनती ए देशी ॥ श्री सिमंदिर साहिबा, तारण हो तारण तिरण जिहाज ॥ तुम सरणें

अब आवियो, सारोहो सारो बंछित काज ॥ अरज सुणो एक माहरी ॥ १ ॥ स्वामीहो स्वामी परम दयाल ॥ मेहर करो मुजऊपरे, कीजेहो कीजे म्हारी संभाल ॥ अरज सुणो प्रभु माहिरी ॥ २ ॥ तुम चरणोको वंदनां, हुजेहो हुजो म्हारी त्रिकाल ॥ थारा ध्यांन धरूं इहां, खेत्रजहो खेत्र भर्थ विचाल ॥ अ० ॥ ३ ॥ केवलज्ञानी साहिबा, थाराहो थारा में गुण ग्राम ॥ किम बरणुं इक जीभथी, तुमगुणहो तुमगुण अंत न स्वामि ॥ अ० ॥ ४ ॥ पूर्व महा विदेहमें, स्वामीहो स्वामी तिहां तुम वास ॥ दास तुम्हारा भर्थमें, किमकरहो किमकर आवे पास ॥ अ० ॥ ॥ ५ ॥ पर्वत नदीयां सासती, मोटीहो मोटीछे आसराल ॥ डूंगर आडा छे घणां, आवुंहो आवूं केम कृपाल ॥ अ० ॥ ६ ॥ इहां थकी अवधारीये, विनतीहो विनती करुणानाथ ॥ कुगुरु कुदेव कुधर्मनां, गंडाहो गंडा सङ्ग साथ ॥ अ० ॥ ७ ॥ वार अणंत विदेहमें, पायाहो पायो नर अवतार ॥ भावथकी नही भेटीया, स्वामीहो स्वामी जगदाधार ॥ अ० ॥ ८ ॥ भाव विना सुधरे किहां, प्राणीहो प्राणी इन जगमांहि ॥ केवल वांणी मे सुणी, पिण मनमेंहो मनमें सरधी नाहि ॥ अ० ॥ ९ ॥ कर्म रिपु पाछे पडे, इन वसथीहो इन वसथी स्वाम ॥ धर्म उदे नही आवीया, जाणोहो जाणो त्रिभुवन स्वामि

॥ अ० ॥ १० ॥ च्यार कषाया वस पड्यो, पिन तुम-हो पिन तुम नांम आधार ॥ गुरु उपगार प्रसादथी, पाम्योंहो पाम्यों धर्म उदार ॥ अ० ॥ ११ ॥ जनम ज-रा मरणा थकी, डरतोहो डरतो रहुं दिन रात ॥ पिण आजु करम माहिरा. भारीहो भारी नही दीसे विख्यात ॥ अ०॥१२॥ जो नही भेट्या भावसुं, स्वामीहो स्वामी तुमरा चर्ण ॥ अव निश्चेकर जगतमे; लीधाहो लीधो थारो सर्ण ॥ अ० ॥ १२ ॥ हीणाचारी मोटका; हुंवूंहो हुंवूं लोह-का दांम ॥ तुम पारस मिलसो जदा. हेमज हो हेमज थासुं स्वाम ॥ अ० ॥ १४ ॥ वे कर जोडी वीनवूं. अव-गुणहो अवगुणानो रास ॥ पुत्र कुपुत्र सम जाणके, मेटोहो मेटो चहुं गति फास ॥ अ० ॥ १५ ॥ हुं परमादी जी-वडा; पूर्वहो पूर्व कर्म अपार ॥ तिणथी पाम्या भरतमे. मानवहो मानवनो अवतार ॥ अ० ॥ १६ ॥ देव धर्म गुरु आसता म्हारेहो म्हारे निश्चे एह ॥ अजी तुमसे छे घणी; कहांलगहो कहांलग भाखूं तेह ॥ अ० ॥ १७ ॥ उन्नति चोंतीसका; विक्रमहो विक्रम सम्वत माण ॥ अ-साढ कृष्ण तिथ पंचमी, ग्रामजहो ग्राम ढिंढाली जाण ॥ अ० ॥ १८ ॥ तिहां ऋषराज कर जोडिनें, विनतीहो विनती कीधी स्वाम ॥ मर्ण ग्रहो अरिहंतको; पूरेहो पूरे वंछित काम ॥ अ० ॥ १९ ॥ इति

॥ अथ तेइस पदवीनी सिझाय लिख्यते ॥

मन वच काया सुद्धसुं, सरधो श्री जिन वाणीजी ॥ सूत्र पणवणामे कही पदवी तेईस जाणीजी ॥ वाणी सरधो जिन तणी ॥ १ ॥ जिम पामो भव पारोजी ॥ संक्या मनमे नाणीये; चतुर हीयामें धारोजी ॥ वा० ॥ २ ॥ ॥ जिन चक्री खट खंडना, बासदेव वलदेवोरे ॥ केवली साधू श्रावके; समद्रिष्ट मंडलीक रावोरे ॥ बा० ॥ ३ ॥ उत्तम पदवी ये कही; सूत्रामे जिन रायेरे ॥ सात इकेंद्री रतनका; नाम सुणो चित लायेरे ॥ वा० ॥ ४ ॥ चक्र दंड छत्र तीसरा; खडग मणी ए पांचेरे, कांकांगनी चरम रतनज्ञुं; देव अधिष्ठत सांचेरे ॥ वा० ॥ ५ ॥ रतन पंचेंद्री जाणीयें; अश्व रतन गज सारेरे ॥ प्रोहितने गाथापती. सेनापती सुखकारेरे ॥ वा० ॥ ७ ॥ बाढी इत्थी सातए; चक्री सेवा सारेरे ॥ पूर्व पुन्य प्रसादथी, एकेंद्री रतन सब धारेरे ॥ वा० ॥ ७ ॥ पहेली नरकना नीकल्या; प्राणी पदवी पावेरे ॥ परथम सोला जाणिए; सात एकेंद्री न थावेरे ॥ वा० ॥ ८ ॥ बीजी नर्कसे आयके, पंद्रे पदवी पावेरे ॥ चक्री न होवे जगतमे; श्री जिन एम बतावेरे ॥ वा० ॥ ॥ ९ ॥ तीजी नर्कसे नीकल्या; तेरे पदवी पावेरे ॥ रामवासुदेव दो टले; श्री जिन एम बतावेरे ॥ वा० ॥ १० ॥ चौथी नर्कना नीकल्या; बारे पदवी पावेरे ॥ तीर्थकर होवे

नही, अरिहंत एम बतावेरे ॥ वा० ॥ ११ ॥ पांचमी नरकथी आयके, ग्यारे पदवी पावेरे ॥ केवलज्ञानी इहां टले, श्री जिन एम बतावेरे ॥ वा० ॥ १२ ॥ छठी नरकसें आयकें, दस पदवी जन पावेरे ॥ साध पणो आवे नही, ज्ञानी एम बतावेरे ॥ वा० ॥ १३ ॥ सातमी नरकसे आयकें तीन जो पदवी पावेरे ॥ हय गय समदृष्टी एही, अरिहंत एम बतावेरे ॥ वा० ॥ १४ ॥ भौनपतीसें आयकें, इकीस पदवी पावेरे ॥ वासुदेव जिन ना होवे, अरिहंत एम बतावेरे ॥ वा० ॥ १५ ॥ पृथवी पानी जानीये, विन्स्पति ए तीनोंरे ॥ पंचइंद्री तिरजंचथी, नर गरभज जो लीनोंरे ॥ वा० ॥ १६ ॥ इन पांचोथी आयकें, उन्नीस पदवी धारेरे ॥ जिन चक्री दोनों इहां, सम वासुदेव चारोरे ॥ वा० ॥ १७ ॥ चारों पदवी ए टली, इम जंपे जिन रायोरे ॥ तेऊ वाऊका नीकल्या, नौं पदवी ते पावेरे ॥ वा० ॥ १८ ॥ सात इकेंद्री रतनजो, हय और गज जाणोरे ॥ और तीन विकलेंद्रीनां, बे ते चोइंद्री वखाणोरे ॥ वा० ॥ १९ ॥ इनमांहिथी नीकल्या, अठारा पदवी पावेरे ॥ तीर्थंकर चक्री अरू, वासुदेव बलदेवरे ॥ वा० ॥ २० ॥ केवली ए पांचो टल्या, जिनजी एम बतावेरे ॥ जोतसी सुरना नीकल्या, इकवीस पदवी पावेरे ॥ वा० ॥ २१ ॥ जिन वासुदेव दुदो टले, सुधर्मा ई-

सामेंरे ॥ इनथी आया तेईसो, पदवी पाय प्रधानेंरे ॥ वा० ॥ २२ ॥ तीजा चौथा पांचमां, छठा सत्तम पर-धांनेरे ॥ आठमा जे सुर लोकनां, पदवी सोले जांणोरे ॥वा० ॥ २३ ॥ सात इकेंद्री रतनजो, वरज्या श्री जिन रायेरे ॥ नौंमा दसमा ग्यारमा, बारमा अचुय कहायेरे ॥ वा० ॥ २४॥ अरु नव ग्रीववेकनां, चौदे पदवी पावेरे ॥ हय गय सातों रतनजों, टलीया जैन व-तावेरे ॥ वा० ॥ २५ ॥ पांच अणुत्र विमानका, आठ जो पदवी पावेरे ॥ जिन चक्री वलदेवजी, केवली साधु कहावेरे ॥ वा० ॥ २६ ॥ श्राविक समदृष्टी कह्या, मं-डलीक जूं राजेरे ॥ पुन्य उदये पाईये, एम कहे ऋषरा-जेरे ॥ वा० ॥ २७ ॥ कुशलसीय ग्राममें, कीयो तिहां चौमासोरे ॥ साल उन्नीसे चौतीसमें, पुरी मनकी आसोरे ॥ वा० ॥ २८ ॥ इति

॥ अथ धर्म शिक्षानी चोपाई लिख्यते ॥

वंदू पहिलो आदि जिनंद, सुरतरु वंछित आणंद कंद ॥ चर्ण सर्ण मोक्षूं भगवांन, होजो जिम प्रगटे हिय ज्ञान ॥ १ ॥ जिनवाणी अरु गुरुको ध्याय, इन परसादें कहुं जिताय ॥ समता ममत सूं ज्ञान बताय, जिम भाखीयो श्री जिनराय ॥ २ ॥ मिथ्या वस जगमें नर एह, सुख दुख भोग्या नहीं संदेह ॥ धर्माधर्मज परख्यो नाहि, निनयो

भमीयो इन जग माहि ॥ ३ ॥ कुगुरु तनी सेवा बहू क-री, हिंस्या करतब बहु आचरी ॥ पांचो आश्रव सेव्या जाण, पाली नही जिनवरकी आण ॥ ४ ॥ लोभी गुरु रूले संसा-र, करकर ग्रहस्था करमाचार ॥ षट कायाकी न जाणी सार, क्रोध मान माया ब्योहार ॥ ५ ॥ पाप अठारा त्यागे नहि, सातो कुविसनके बस मांहि ॥ राग द्वेष कुग-रांदि घाल, मुक्तपुरीको दीधी टाल ॥ ६ ॥ जीव अजीव अरु पुन्न ज्युं पाप, आश्रव संवर निर्जरा थाप ॥ बंध मो-क्षका लहे विचार, ज्युं पामे नरभवनो पार ॥ ७ ॥ सुध धर्म अरु पालो नेम, ऋषि ऋषराज कहेहे एम ॥ उन्नीसें पैंतीसके साल, सुनतां पामें मंगल माल ॥ ८ ॥ इति

॥ अथ नव तत्व नाम लक्षण सिझाय लिख्यते ॥

सुगुरुकी संगत कर भाई ॥ मुक्तपुरीका राह बतावे, समता रस प्याई ॥ ए टेक ॥ कुगुरांकेरी संगत कीनी, इन जीव जग मांहि ॥ क्रोध मान मायाके वसमें, लोभ तजा नाहि ॥ सु० ॥ सु० ॥ १ ॥ षट कायाकी हिंस्या कर-कें, धर्म कहें थाई ॥ संवर व्रत न धारी मनमें, कुमता चित लाई ॥ सु० ॥ २ ॥ अब सतगुरु परसादे जान्यो, चेतन जग माहि ॥ सुख दुख भोगें निज कर्मोवस, यह मिथ्या नाहि ॥ सु० ॥ ३ ॥ जीव रहित सो जड कहला-वे, पुन्य फल सुखदाई ॥ पाप उदे नर होय दुभागी,

अरु होय अन्याई ॥ सु० ॥ ४ ॥ आश्रव जासें कर्म आवता, रोकें जे नाहि ॥ संवर माही कर्म आवता, रोकें छिनमांहि ॥ सु० ॥ ५ ॥ पूर्व संच्यां कर्म जीवकें, लारें बहु ताई ॥ करो निर्जरा द्वादश तपसें, श्री जिन फरमाई ॥ सु० ॥ ६ ॥ शुभ अशुभ कर्मोंके बंधन, अशुभ तजो भाई ॥ शुभ बंधनथी धर्म उदेवे, समझो चित लाई ॥ सु० ॥ ७ ॥ कर्म आठका बंध मुकावे, जब चेतन राई ॥ सिवपुरमें तब आप बिराजे, केवल पद पाई ॥ सु० ॥ ८ ॥ उन्नीसें पेंतीसके सम्बत, चतुर मास माहि ॥ जोड करी ये गांम ढिंढाली, इम कहे ऋषराई ॥ सु० ॥ ९ ॥

॥ अथ नेमनाथजीकी चौपाई लिख्यते ॥

माता सारद प्रथम मनाऊं, दूजे गुरुको सीस नमाऊं ॥ तीजे आदि देवको ध्याऊं, चौथे नेम तणां गुण गाऊं ॥ १ ॥ पांचमें ल्युं चौवीसो नांम, पूर्ण सारे मेरे काम ॥ रिषभ अजित वंदू जिनराय, संभव अभिनंदन सुख दाय ॥ २ ॥ सुमत पद्म सुपारस जाण, चंद सुवद नौमे हित आण ॥ शीतलनें श्रीश्रेंस वखान, वासपूज वंदू भगवान ॥ ३ ॥ विमल अनंत अनें श्रीधर्म शांति, कुंथ अरहे जिन नीरमल कांति ॥ मल्लिमुनिसुव्रत नमी जिनंद, इन समर्‍या टूटे जग फंद ॥ ४ ॥ ब्रम्हचारी जगमें श्री नेम, इनकी अस्तुति भाखु केम ॥ में सठ जग हांसी धाम,

पिन कहेताहुं जिन गुन ग्राम ॥ ५ ॥ तेईसमे श्री पार स्वनाथ, वंदू जोडी दोनो हाथ ॥ सासन नायक बीर जिणंद, सुमरंता पामुं आनंद ॥ ६ ॥ सोरीपुर एक नगर बखान, समंद्रबिजे राजा गुनवान ॥ सेवा देवी घर पट नार, चौदा सुपने अति सिरदार ॥ ७ ॥ देखी राणी अति हुलसाय, नेमनाथ जनमे जिनराय ॥ एक हजार अठ लंछन तन, सोभे अधिका सांमल बन्न ॥ ८ ॥ नगर द्वारिका तब गुलजार, तिहां राजा श्रीकृष्ण मुरार ॥ बारे जोजन लंबी जाण, नौं जोजनकी चौडी मान ॥ ९ ॥ तीर्थ पत श्री नेम जिनंद, कृष्ण मुरारी दुष्ट निकंद ॥ भाईतो बलभद्र सहाय, इनकी सोभा कही न जाय॥१०॥ जादो कुलकी सोभा आपार, सोहे जिहां तीनो अवतार ॥ इनकी खिजमत इंद्रने करी, कीधी तब तिन द्वारापुरी ॥ ॥ ११ ॥ एक दिवस लाग्यो दरबार, बैठे सोभे श्रीकृष्ण मुरार, नेमनाथ तिहां बैठे आय, जैसें सुरपति सोभ्या पाय ॥ १२ ॥ तब करते बलनो विस्तार, इन पर लागे करन विचार ॥ कोइ कहे पांडव परचंड, अरिजन मार करे सत खंड ॥१३॥ कोइ कहे यह झूटी बात, मदनतनों बलहे विख्यात ॥ कोइयक कहेते संबकुमार, मोहनी मूरत सोभे अपार ॥१४॥ कोई बखनें कृष्ण मुरार, इन सम बल नही जग मंझार ॥ शारंग नामे धनुष चढाय,

दलमलि नाग सेज सुखदाय ॥ १५ ॥ सभी सराहे कृष्ण मुरार, तब बोले बलभद्र सभार ॥ एतो सारी झूठी बात, नेम तणा जग बल विख्यात ॥ १६ ॥ हरिनें कीधी उंची बांहि, कौंन नमावे इण जगमाहि ॥ सारे राजा लटके आय, नेमनाथने दइ नमाय ॥ १७ ॥ बल देखीने उंची कीध, नेमनाथनी बाहा लीध ॥ झूलण झूंझूले सब राय, कृष्ण आदि नीची नहीं थाय ॥ १८ ॥ मनमे चिंत्या आण अपार, साथे ले बलभद्र कुवार ॥ पुरबहिर ते बन-की बहार, करतां लागी अधकी वार ॥ १९ ॥ सारंगनी कीधी टंकार, पचायणको सोर अपार ॥ कीधा तब श्री नेम कुमार, चौंके तिहां श्रीकृष्ण मुरार ॥ २० ॥ तुरत आयके देखे नेम, बल देखी मन चिंते एम ॥ निश्चे ले-सी म्हारो राज, परणाउं ज्यूं सुधरे काज ॥ २१ ॥ भामा आदिक तेडी नार, व्याह मनावो नेम कुमार ॥ इम फरमायो कृष्ण मुरार, रितुराज आयो सुखकार ॥ २२ ॥ भामा रुकमण करवा ख्याल, आदिक थईने झांक झमा-ल ॥ सबही नारी मिलकर आय, देवरीयाको लीयो बुला-य ॥ २३ ॥ खेले कर कर नाना रंग, देवर साथे करी उमंग ॥ हांसी मिस भासे एम, व्याह न माने देवर केम ॥ २४ ॥ श्री जिनवर तो धये अपार, भोगीने सुख मुक्त मंझार ॥ किमके तुमने ऊपर आस, थारो भाई सो-

ग विलास ॥ २५ ॥ भोगे नारी कोई हजार, तुम भटकोगे इण परकार ॥ जांबवंती स्युं कीजे खेद, पुरष नही में जान्या भेद ॥ २६ ॥ नारी बिन जगमे क्यों रहे, भामा तिणसों इणपर कहे ॥ तूं नही समझे बाता एह, नार भरेवी मुसकिल एह ॥ २७ ॥ देवरीयो बिन अंकुश एह, हासी मिस तब भाखे एह ॥ मानो २ नेम विवाय, इम सुण हरख्यो जादवराय ॥२८॥ व्याहन आए तोरण वार, नेमनाथको देखि दिदार ॥ करने लागे पशू पुकार, पूछे तिहां श्री नेम कुमार ॥ २९ ॥ क्यों रोकेहै जीव अनाथ, कहे स्वारथी जोडी हाथ ॥ स्वामी यह तुम व्याह विख्यात, इन जीवोंनी होसी घात ॥ ३० ॥ हुकम कीयो प्रभू वाडे एह, खोलो मत मन करो संदेह ॥ सबकों दीधा जीवत दांन, दया धर्मको सागर जान ॥ ३१ ॥ अर्थ फेरके देई दान, संजम लीधो मन हित आन ॥ प्रभूजी आए गढ गिरनार, तुर्त तजि जिन राजुल नार ॥३२॥ पचपन्न दिनमे केवल ज्ञान, राजमती ले दिक्ष्या आन ॥ नौं भोकी जिन राखी प्रीत; एह उत्तम जनकी रीत॥३३॥ दान शील तप भाव बताय, दया धर्मका भेद जनाय ॥ मिथ्यातमको दूर हटाय, राजुलजीने कर्म खपाय॥ ३४॥ शिव पदवीमें पाम्यो राज, तेहना सीझे वंछित काज॥ पाठे पांचे नेम जिनंद, आठ कर्मका तोडी फंद ॥३५॥

जगमाही मोटे जिनदेव, सुर नर सारे जाकी सेव ॥ वी-
तरागको भजन करंत, भो भोना दुखथी छुटंत ॥ ३६ ॥
क्रोध मान माया अरू लोभ, इन छांडया नर पामे सोभ॥
वन्ही वन्ही निध चंद्र सुजान, कारतक सुक्ल पक्ष तिथी
मान ॥ ३७ ॥ सप्तमी नाम सोम सुभ वार, उज्वल वस्त्र
मुख आगल धार ॥ इम जंपे ऋषराज विचार, कहतां
पामे जे जे कार ॥ ३८ ॥

॥ अथ श्री सिमंदिर स्तवन लिख्यते ॥

चौपाई ॥ जे जे जगनायक जिन देव, जे जे सुनर
सारे सेव ॥ जै जे प्रभु तनि लोक विख्यात; जै जे जै ज-
गजीवन जगतात ॥ १ ॥ जे जे जसवंते जिनराइ; जे जै
वीतराग पद पाइ ॥ जै जे कर्म विनासणहार जे जै जग
तारक संसार ॥ २ ॥ जे जै षट काया प्रतिपाल; जे जे
समणव्रति सुविसाल ॥ जे जै इंद्री दमण वडवीर ॥ जे जै
तपस्यावंत सुधीर ॥ ३ ॥ जे जे प्रभु तुम केवलज्ञान;
जे जै सव दरसी जिम भाण ॥ जै जे चारत गुण गंभीर'
जे जे मेरू गिर सम धीर ॥४॥ जे जे जै धर्म दया परकास;
जे जे जिन मेटयो जग फास, जे जे जे श्री मंदिर माहा-
राज; जे जे जे करता जिनराज ॥ ५ ॥ जै जे जस गावे
तुम देव, जे जै कर नर सारे सेव ॥ जे जै जय करता
तुम ध्यान. जे जे जे पावे सुख थान ॥ ६ ॥ करजोडी

मे वंदन करूं, प्रभु तुम चरणोंमें सिर धरूं ॥ मेरी सुन प्रभु अब अरदास, विनतुं बे कर जोड हुलास ॥ ७ ॥ तुम विन परखे में दुख सह्या, सो तो मोपे जाय न कह्या ॥ अलप दुखोंका करूं बखान, पूर्व कर्म करया फल जान ॥ ८ ॥ देव धर्म गुरु परखे नाहि, मिथ्यावस रुलिया जगमाहि ॥ जीव हिंस्या अरु मृषावाद, अणलीधा मैथून उनमाद ॥ ९ ॥ परिग्रह धन संच्या में करयो, पापदोषका भय नवि धरयो ॥ क्रोध मान माया अरु जान, लोभ कीयो मन दुख असमान ॥ १० ॥ इनके वसमे कीधा पाप, तिनकर पाम्या नरक संताप ॥ छेदन भेदन ताडन ताप, सीतादिक दुख सहे संताप ॥ ११ ॥ सो तुमसे कुछ छानी नाहि, और भम्यो पसु गतिके माहि ॥ मनुष जन्म पाया विप्रीत, भव्य कुल अरु भव्य सरीत ॥ १२ ॥ किन्नमुखी सुर असुर कुमार, वानव्यंत्र अरु जम औतार ॥ ऐसी गत में भमीयो जाण, अब तुम सरणो लीधो आण ॥ १३ ॥ लोह कुधात तणा में दाम, तुम पारस सम गो सुन स्वामि ॥ में अधीन तुम दीन दयाल, किरपा कर कीजे संभाल ॥ १४ ॥ में अनाथ तुमरे आधार, आय पडयो सरणा तुम धार ॥ और न कोई तुम सा नाथ, तीन लोकमाहि विख्यात ॥ १५ ॥ धर्म तुमारा पाया स्याम, कल्पवृक्ष चिंतामणि नाम ॥ विण

मुझ कर्म वली छे लार, तेह रुलावे इण संसार ॥ १६ ॥ एक सरण तुमरो भगवान, तारो तुम निजदास पिछान ॥ तारणछे तुम नाम परवान, तारणछे तुम धर्म प्रधान ॥ १७ ॥ तारण तुम भाष्या उपदेस, जासुं टूटे सभी कलेस ॥ ग्यान दर्शन चारित्र तप जाण, ए तारण भाष्या भगवान ॥ १८ ॥ दान सील तप अरु भाव, तारण तिरण भाष्यो जिणराव ॥ श्रावक साधू धर्म विचार, कृपाकर भाष्यो हितकार ॥ १९ ॥ जे आराधे नर अरु नार, ते पासें भवदधिनो पार ॥ साल उगनीसे उणतालीस, दूजो सावण दूज भूमीस ॥ २० ॥ कवरसेन गुरूके आधार, सिष्य ऋषराज स्तवन उच्चार ॥ सहेर झिझाणें कीयो चौमास, प्रभू नांमे सहु पूरी आस ॥ २१ ॥ इति

॥ दोहा ॥ जिन वाणी भवतारणी, एह सदा सुखकार ॥ इन भव परभवमे सही, करती जै जै कार ॥ १ ॥

॥ अथ गुणस्थानकनी सिझाय लिख्यते ॥

सकल जगतके सिरधणीजी, सिद्ध नमूं करजोड ॥ अनंत ज्ञान दर्सन लह्याजी, अष्ट कर्मदल तोड ॥ गुणी जन भावो तुम गुणथान ॥ १ ॥ गुणथानक गुण वरनवुंजी, जिम भाख्या जगदीस ॥ पहले प्रकिरत मोहनीजी, कही जिनवर अठाईस ॥ गु० ॥ २ ॥ प्रथम अनंत अणुंबधनीजी, दूजे अप्रत्याख्यान ॥ तीजी प्रत्याख्याननीजी, चौथी संज्वल

जान ॥ गु० ॥ ३ ॥ क्रोध मान माया लोभनीजी, चार चौकडी मान ॥ नर्क तिरयंच नर देवनिजी, गति अनुकरमें जान ॥ गु० ॥ ४ ॥ समकित श्राविक साधुनीजी, केवल ज्ञाननी हान ॥ अनुकरमें चारोतनीजी, सोले कषाय प्रमान ॥ गु० ॥ ५ ॥ समकित मिथ्या मिश्रनीजी, मोहनी तीन बखान ॥ हांस रतारत भै तणीजी, सोग दुगंछा जान ॥ गु० ॥ ६ ॥ इस्त्री पुरष नपुंसकेंजी, तीनो वेद सुजान ॥ अठाईस परकित हुईजी, मोहनी भेद बखान ॥ गु० ॥ ७ ॥ प्रथम परवांन सम क्रोधछेजी, वज्रथंब सम मान ॥ माया जडछे बांसनीजी, लोभ किरम रंग जान ॥ गु० ॥ ८ ॥ क्रोध तलावनी रेख छेजी, अस्तिथंब सम मान ॥ माया मिंढा सिंग जूजी, लोभ सकट खंज जान ॥ गु० ॥ ९ ॥ क्रोध सकट पथ रेख जुंजी, काष्ट थंब सम मान ॥ माया वृषभना मुत्र जूंजी, लोभ गौरी रंग जान ॥ गु० ॥ १० ॥ क्रोध पाणिकी रेखछेजी, त्रिणका थंब जिम मान ॥ माया तागा वलतणीजी, लोभ हलद रंग जान ॥ गु० ॥ ११ ॥ सोले कषायसु भावनाजी, अनुक्रम भेद विचार ॥ जाव जीव एक वरसनीजी, थित परमाण जू धार ॥ गु० ॥ १२ ॥ चार मासनी जाणजोजी, अरु पंद्रा दिन जान ॥ अनुक्रमें चारो तणीजी, येह थित कही परमान ॥ गु० ॥

॥ १३ ॥ मिथ्या तीन प्रकारनीजी, आद अंत नही मान ॥ आद नही पिण अंतछेजी, आद अंत दोयजान ॥ गु० ॥ १४ ॥ अभव उरभव जीवनीजी, पडवाई सम्यक्त्वान ॥ अनुक्रमे तीनो जाणियेजी, तिणमें मिथ्या गुणठाण ॥ गु० ॥ १५ ॥ मिथ्याती गुणठाणसें, मिथ्या हलकी होय ॥ तिणसे गुणथानक कह्याजी, जिन वचनें तुम जोय ॥ गु० ॥ १६ ॥ उदे भावमें परकृतीजी, पांच कही भगवान ॥ पहले मिथ्या मोहनीजी, प्रथम चौकडी जान ॥ गु० ॥ १७ ॥ जीवाजीव परूपणाजी, करे वहोत विप्रीत ॥ मिथ्या दस प्रकारनीजी, धर्मनी नही प्रतीत ॥ गु० ॥ १८ ॥ दूजे गुणठाणे आवीयाजी, स्वाद स्वादन तसु नाम ॥ आ वलीछे परमाननीजी, समकितना. रस पाम ॥ गु० ॥ १९ ॥ मिश्र मिश्र भावनाजी, गुणथानकनों नाम ॥ समकित मिथ्यामत मिलेजी, अंतर महुरत ताम ॥ गु० ॥ २० ॥ उदे भावमें ये नहीजी, पहली चार कषाय ॥ मिश्र भावे जीवडाजी, मिश्र गुणठाणे आय ॥ गु० ॥ २१ ॥ अवृती समदृष्टनांजी, चोथाछे गुणठाण ॥ पराकिरत छै दूरे करेजी, अवृती नर जान ॥ गु० ॥ २२ ॥ मिथ्या मिश्र मोहनीजी, प्रथम चोकडी जान ॥ सात बोलनें आडखोजी, बांधे नही ते मान ॥ गु० ॥ २३ ॥ भोंनपती व्यंतर जोतसीजी, नर्क

त्रियंच वखान ॥ स्त्री नपुंसक वेदनाजी, ये सात बोलनों जान ॥ गु० ॥ २४ ॥ दशवृतना पांचमोजी, भाख्या छे गुणठाण ॥ परकृत दस टाले सहीजी, सुध श्राविक ते जान ॥ गु० ॥ २५ ॥ पहेली दूजी चौकडीजी, मिश्र मिथ्या जान ॥ क्षय करेवा उपसमेंजी, तैसी समकित मान ॥ गु० ॥ २६ ॥ चोदे पराक्रित छै करेजी, प्रमादी संजती जान ॥ प्रथम दो तिय चौकडीजी, मिश्र मोह व खान ॥ गु० ॥ २७ ॥ परमाद सहित महावृतीजी, ते छठे गुणठाण ॥ काया साधे आपणीजी, धर्म कहे हित आण ॥ गु० ॥ २८ ॥ सोले पराक्रित सातमेजी, क्षय करे गुणठाण ॥ ते मुनि अ प्रमादी सहीजी, संज्वल क्रोध अरु मान ॥ गु० ॥ २९ ॥ ये दो परक्रित जानीयेजी, छठेसें अधिकाय ॥ जीव चढे गुणठाणमेंजी, तिम २ कर्म खपाय ॥ गु० ॥ ३० ॥ नियटबादर आठमोंजी, जिनवर कहे गुणठाण ॥ दर्सनमोहनी करमथीजी, निरवरते तेह जाण ॥ गु० ॥ ३१ ॥ सत्ता परक्रित क्षय करेजी, तीनों मोहनी जान ॥ प्रथम तीनों चौंकडीजी, संज्वलनो क्रोध मान ॥ गु० ॥ ३२ ॥ दो श्रेणी जिनवर कहेजी, उपसम क्षायक मान ॥ उपसमसें उपसम चढेजी, क्षयथी क्षायक जान ॥ गु० ॥ ३३ ॥ अनियट बादर तणोंजी, नोंमो छे गुणठाण, चारित्र मोहनी कर्मथीजी,

निर्वरत्या नही ते जान ॥ गु० ॥ ३४ ॥ सत्रा तौ पूरव कहीजी, परक्रुत मोहनी जान ॥ संज्जल माया जानजोजी, तीनों वेद वखान ॥ गु० ॥ ३५ ॥ क्षयकरेवा उपसमेंजी, दोनों श्रेणी जान ॥ तेसीही श्रेणी चढेजी, ज्ञानी वचन प्रमान ॥ गु० ॥ ३६ ॥ सुक्षम लोभ तणो उदेजी, सुक्षम संपराय नाम ॥ परक्रुत सत्ताईसनेजी, क्षयकरे मुनि ताम ॥ गु० ॥ ३७ ॥ हांस्यादी खट परक्रुतिजी, पूरव इक्वीसि जान ॥ ये सत्ताईस उपसमेंजी, ये दसमें गुनठाण ॥ गु० ॥ ३८ ॥ उपसम्याथी ग्यारमाजी, उपशांत मोह गुणस्थान ॥ जो क्षप्पक श्रेणी चढेजी, तवही बारमें जान ॥ गु० ॥ ३९ ॥ मोहनी अठाइस परक्रुतीजी, उपसम भावे जान ॥ क्षय करेवा समर्थ नहिजी, अगनी राख प्रमान ॥ गु० ॥ ४० ॥ जो काल करेतो ग्यारमेंजी, अनोत्तर वाशी होय ॥ काल करे नही जो तिहांजी, दसमें आवे जोय ॥ गु० ॥ ४१ ॥ पडतां २ ठठा लगेजी, आवे मुनिवर जाण ॥ इनसें नीचा जो पडेजी तो मिथ्या गुणठाण ॥ गु० ॥ ४२ ॥ क्षीणमोह गुणठाणमेंजी, क्षायक भावें मान ॥ अठाईसो क्षय करीजी परक्रुत मोहनी जान ॥ गु० ॥ ४३ ॥ सात कर्म वाकी रह्याजी, मोह रायनें मार ॥ गुणठाणा ये वारमोजी भव, जीवा हितकार ॥ गु० ॥ ४४ ॥ चार करम घन घाती-

याजी, क्षय करे मुनिराज ॥ तब संजोगी केवलीजी, मन वचनें करी काय ॥ गु० ॥ ४५ ॥ तेरमें गुणअस्थानमेंजी, देवे बहु उपदेश ॥ भव जीवां प्रतिबोधकेजी, मेटे कर्म कलेश ॥ गु० ॥ ४६ ॥ चतुरदस गुनस्थाननेंजी, पंच लघू स्वर जोय ॥ थिती एह अजोगी केवलीजी, फरस्यां तब सिद्ध होय ॥ गु० ॥ ४७ ॥ सम्वत उन्नीसें इकसठे-जी, करनाल नगर चौमास ॥ ऋषराज कहे भव जन सुनोंजी, गुनथानक गुण रास ॥ गु० ॥ ४८ ॥ इति

॥ अथ श्री सिमंदिरजीरो स्तवन लिख्यते ॥

सतगुरु पय प्रणमी करी, समरूं श्री सिमंदिर स्वामजी ॥ मन वचन काया जोगसें, नित उठ करूं परणामजी ॥ सुन श्री सिमंदिर साहिबा ॥ १ ॥ सरन आयो हुं करि प्रतिपालजी ॥ समरथ भवनिध तारवा, तुम सम कोइ न दयालजी ॥ सु० ॥ २ ॥ मे अवगुणनो गण अछूं, गुणनो नइ कोइ लवलेशजी ॥ होड करूं गुननी सदा, परगुण सुन मन आनु क्लेशजी ॥ सु० ॥ ३ ॥ छठे गुणस्थानक त-णा, नाम धरायोछे में सामजी ॥ पिण आगम गुण जोवतां. न तजो कषायनो कामजी ॥ सु० ॥ ४ ॥ इंद्री पांचों वस नही करी, इनथी जाणा पापना मूलजी ॥ धर्म शुक्ल नही ध्याइयो, आरत रुद्रथी भव कीया भूलजी ॥ सु० ॥ ५ ॥ असुद्ध आतमा महारी, जाणिने

नही कीधा धरमजी ॥ तप जप संजम सुध नही, परमाद वसे कीया बहु करमजी ॥ सु० ॥ ६ ॥ अछता गुण श्रवणे सुणी, मन आणे हर्ख विसेषजी ॥ दोष छता सुणता सही, तसु ऊपर मुज आवे द्रेषजी ॥ सु० ॥ ७ ॥ जिणमतसेरे अजाणता, सूत्रमाहि बहू बोल्या असुद्धजी, जढपणामा जोरथी, न रही कोई सुध बुद्धजी ॥ सु० ॥ ॥८॥ जिन आज्ञा मुजुब क्रिया, तेह नही आवी तिलतुश मातजी, मद अज्ञान मिटे जेहथी, ज्ञानकी ते नही जानी वातजी ॥ सु० ॥ ९ ॥ आतम निंदा नही करी, परनिंदा कर मन धरयो रागजी ॥ ज्ञान दरसन चारित्र तपे, इनसु नही कीधी लागजी ॥ सु० ॥ १० ॥ जीव अप्राधी अनादिको, जो जो मे कर्या पाप अपारजी ॥ चोरासी लख जोनमे, भमता पाया नर आवतारजी ॥ सु० ॥ ॥११॥ धिग २ मुज परमादने, सुमत गुपत सुध नही धारजी ॥ तप जप गुण न आराधीयो, विनगुण किम उतरूं भव पारजी ॥ सु० ॥ १२ ॥ श्री सिमंदर स्वामी सुनो, निज सेवगनी अरदाशजी ॥ सरधाछे तुम बचना तणी, तेहथी पूरो मुझ मन आसजी ॥ सु० ॥ १३ ॥ सम्वत उनीसे साठमे, बडसत ग्राम माही चौमासजी ॥ ऋष ऋषराज इम वीनवे, प्रभुजी सफल करो मुझ आसजी ॥ सु० ॥ १४ ॥ इति

॥ अथ श्री श्री परम पंडित श्रुत सागर श्री श्री १००८
श्री श्री ऋषराज महाराजजीको शिष्य श्री श्री
प्यारेलालजीका दिक्षा मोहोत्सव अधिकार
दोहा चौपाई सहित लिख्यते ॥

दोहा ॥ प्रथम सिमर अरिहंतको, मनसें वारम्वार ॥ नाम रटित भगवानको, हो भव सागर पार ॥ १ ॥ चौपाई ॥ भव सागरसें पार उतारे, प्रभू नाम जो मनमें धारे ॥ प्रभू नामकी साची माया, विघ्न पडीमे काम वो आया ॥ २ ॥ जिसने रटा प्रभुका नाम, पूरण होगया उसका काम, जपै नाम वहो पुन्य कमावे, प्रभु हेत धन माल लुटावे ॥ ३ ॥ जो करे सदा संतोकी सेवा, इस दुनियासे पार हो खेवा ॥ रटै नाम और पाले धर्म, जीत लीया जिन अपना कर्म ॥ ४ ॥ और सुनो अब नया अहवाल, लीया जोग शुध प्यारेलाल ॥ गाम अल्लमाबाद है भारी, धर्म ध्यान करे नर नारी ॥ ५ ॥ दोहा ॥ गाम अल्लमाबादमे, आए हे ऋषिराज ॥ परम पंडित ज्ञानी अधिक, गुण नायक महाराज ॥ ६ ॥ चौपाई ॥ उनका गुण वरना नही जाता, में हरदम उनको शीस निमाता ॥ ये हुए ज्ञानमें अति अन मोला, है श्री मनोहरदासका टोला ॥ ७ ॥ है उनके सिप्य श्री भागचंद, तिन काट दीयाहै जमका फंद ॥ है उनके सिप्य श्रीसिताराम, जि-

न रटा रात दिन श्री जिनका नाम ॥ ८ ॥ है उनके सिष्य शिवरामजदास, जाय कीया स्वर्गमें वास ॥ है उनके चेले श्री हरजीमल्ल, थें ज्ञानी संत वडें परवल्ल ॥ ९ ॥ श्री रतनचंद पंडित अति स्वामी, थें मुल्को मुल्कोंमें वे नामी॥ आप हुए वे पंडित ज्ञानी, खट मतकी जिन चरचा जानी ॥१०॥ सुमरण कीया श्री भगवान, स्वर्गवीच जाय कीया अस्थाने ॥ श्री कुंवरसैनजी पंडित महाराज, है उनके चेले श्री ऋषराज ॥ ११ ॥ श्री ऋषिराज पंडित गुणवान, यह पढे सूत्र जिनमतके जान ॥ भाईयोनें चिठी भिजवाई, इकटे हुए सरावक भाई ॥ १२ ॥ मुल्कोंमें हुवा उनका नाम, कीया मुंडण भया धर्मका काम ॥ हुये श्राविक इकठे सारे, बोल रहे हे जेजेकारे ॥ १३ ॥ दोहा ॥ आज अहमदावादमें, सबकों दिया उपदेश ॥ दया धर्म मन लायकें, करते रहो हमेश ॥ १४ ॥ चौपई ॥ दया धर्मका करना काम, रटो सदा भगवंतका नाम ॥ जो मनुष भगवंतको रटे, सबी पापके बंधन कटे ॥ १५ ॥ अब हुवा यहां धर्मका मेला, हुए प्यारेलाल ऋषराजका चेला ॥ छोड दीया जिन जगका भोग, पाला धर्म लीयाहै जोग ॥ १६ ॥ जो जन धर्मके काज करे, जरा नही वो दुखडा भरे ॥ धन्न तुमारे तातरुमात, दिया गुरुको निज सुत हाथ ॥ १७ ॥ जिसनें नास श्री जि-

नका मजा, वही स्वर्गके सुखमें रजा ॥ राम नामजो मन-में धारे, नही कालके डरसें हारे ॥ १८ ॥ जब बजे का-लका शीस नगारा, नही नजरपडै कोई राखनहारा ॥ काल तेरे जब सिरपे आवै, कोई न जगमें प्राण बचावै ॥ १९ ॥ रहे जब मनकी मनकेमाही, कालसें हरगिज बचता नाही ॥ झूठा है यह सब संसारा, तुमनें अपना जन्म सुधारा ॥ २० ॥ खूब कीयाहै ऐसा काम, लीया जोग रटा जिन नाम ॥ भाईबंध कोई काम न आता, पाप पुन्नही संगमे जाता ॥ २१ ॥ करै सुधरमी जैजे-कार, जब लियाजोग संजमव्रत धार ॥ धन्न एह घडी धन्न यह वेला, धन्न साधर्मि पुर्षोंका मेला ॥ २२ ॥ दोहा ॥ झूठा जगको जानकें, त्याग दीया मोहजाल ॥ योग लीया खुश होयकें, आजसु प्यारे लाल ॥ २३ ॥ चौपाई ॥ धन्न तुम्हारी बुद्धी प्यारे, हुए धर्मके पालनहारे ॥ जानकी माता धन्न तुमारी, दइ बुद्ध जिन सुमत विचारी ॥ २४॥ कुंमरपाल पिता धन थांरे, जिन अज्ञा दीनी तुमको प्यारे ॥ शहर आगरापें तज खेडा, जन्म तुम्हारा पारहो बेडा ॥ २५ ॥ धन्न भाग तुमारें प्यारे, श्री ऋपराज गुरु है थांरे ॥ यह जन्म भला उत्तम तुम पाया, मनुष जनम-को सुफल कमाया ॥ २६ ॥ कोई काम हरगिज नही आवे, बिन मतलब कोई पास न जावे ॥ ये दुनिया है रैनका

सुपना, इसमे नहींहै कोई अपना ॥ २७ ॥ मोह लोभ माया मद तजो, दिन रात नाम श्री जिनका भजो ॥ राम नाम वही पार उतारे, राम नाम वो जन्म सुधारे ॥ २८ ॥ राम नाम अति हे अनमोला, मनके कांटे में धर तोला ॥ वैशाख सुदी त्रियोदशीको गिन, यह हुवा जोग मंगलका दिन ॥ २९ ॥ उन्नीसे छप्पनका शाल, जिसमे यह उछवका हाल ॥ इन संतोकों सीस नमाऊं, धर्मध्यानमें मनको लाऊ ॥ ३० ॥ चार तीर्थमें यह सिरदार, इनका सरना लीया धार ॥ इन सव साधोंका वारम्बार, सुंदर है इनका तावेदार ॥ ३१ ॥ हुवा उछव हुया मंडण, चोपाईभी यह हुई सपूरण ॥ आया वसंत सुनो चितलाई, ज्ञान धर्मकी महेमा गाई ॥ ३१ ॥

कवित्त ॥ नाम भगवानका हरवक्त लीया करते है, काम नेकीका जमानेमें कीया करते हे ॥ परेम मद दिलसे वो हरवार पीया करतेहै, सेवा संतोकी करे और दया दान दीया करते हे ॥ आज वो दिन है खुशीका अजव आई वहार, नाम भगवानका निकले है जुवानसे हर वार ॥ आज ऋषराज महाराजका पाया दरशन, दर्शको देख हरकसें हुवा प्रसन्न ॥ अल्लमानादमें आएगहे गुरुके चर्ण, धर्म दया उपदेश सुन लीया उनका सर्ण ॥ काम हिम्मतका कीया खूब यह हे प्यारेलाल, जोग संजमको

लीया धार बहोत हुए खुशहाल ॥ छोड संसार अब त्याग दीये तात और मात, नाम श्री जिनका भजा सुनके सदा ज्ञानकी बात ॥ धर्मध्यानमें रहेना तुमे गुरु भक्तमें दिन रात, जोग संजमको लीया और कीया गुरु-का साथ ॥ भाग अछे है तुमारे कीया ऐसा काम, छोड संसारको हरवखत भजा प्रिभोका नाम ॥ जगतके बीचमें अपना न पराया देखो, बिगडे वक्तोंमें कोई काम न आया देखो, ज्ञान हिर्देमें अगर कुछभी समाया देखो ॥ छोड दीया संसारको जिसनें लीया प्रिभूका नाम, कालको जीत लीया मोक्षमें कीना विसराम ॥ काल जिसवक्त भला सिरपै तेरे आवेगा, पकड बाह पलमें वो जम लोक पहों-चावेगा ॥ बाप भाई कोई काम न आवेगा, पाप और पुन्य सदा अपनेही संग जावेगा ॥ कालके हालसें हरवक्तको डरना चाहीये, श्री जिन नाम सदा दिलसें सुमरना चाहीये॥ प्रभु नाम है जिसको रटै है संसार, नाम रटेसें हर शखस उतर जात है पार ॥ सेवा संतोंकी करो सीस निवाना हरबार, भाग उज्जल है थांरे तुमनें लीया जोगको धार ॥ जोग संजम को लीया मुक्तमें जानेकें लीयें, ज्ञान चर्चा लिखी सुंद-रने सुनानेके लीयें ॥ १ ॥ इति महोत्सव संपूर्ण ॥

॥ इति श्री विवेक विलास ग्रंथ समाप्त ॥

४८ मेणारया सतीकी चोपाई किं० १ आना.
४९ जैन चैत्य वंदन संग्रह किं० २ आना.
५० जैन स्तुति संग्रह किं० २॥ आना.
५१ तेरे ढालाकी साधु वंदणा किमत २॥ आना
५२ सिद्धाचलजीनो (सत्रुंजाजीनो) रास किमत ६ आना
५३ चोविसी स्तवन तथा विस वेहेरमान जिनस्तवन किं० २ आना.
५४ चोसठ प्रकारी पूजा किं० ६ आना.
५५ द्वादशव्रतपूजा तथा पंचाशीश आगमानी पूजा कि० २ आना.
५६ एकवीसप्रकारी पूजा किं० २ आना.
५७ नवपद तथा स्नात्रपूजा किं० ४ आना
५८ नंदीश्वरदीप पूजा तथा अष्टप्रकारी पुजा किं० २॥ आना
५९ श्री रत्नपालको रास किं० ८ आना
६० धर्मपर्व लौकिकपर्व सज्झायको संग्रह किं० २॥ आना
६१ अंजना पद्मावतीको रास किमत ५ आना.
६२ अनुपूर्वी साधी एकांगी किमत अर्धा आना.
६३ सिद्धचक्र भगवानको मंडल किमत १ आणा.
६४ मनोपम चोवीसीका दर्शनकी पोथी किं० ६ आणा.
६५ जैन स्तवन संग्रह किमत २॥ आना.
६६ जैन सझाय संग्रह किमत २॥ आना.
६७ जैन होरी संग्रह किमत २॥ आना.
६८ जैन पद संग्रह किमत १॥ आना.
६९ जैन बारमासा संग्रह किमत २॥ आना.
७० जैन गहुली संग्रह किमत २॥ आना.
७१ जैन छंद संग्रह किमत २॥ आना.
७२ जैन लावणी संग्रह भाग पेहेला किमत २॥ आना.
७३ कयवन्नाशाहाको रास किमत ४ आना.
७४ मंगळ कलश कुमारकी चोपाई किमत ४ आना.
७५ पापबुद्धि राजा अने धर्मबुद्धि मंत्रीको रास किमत ४ आना.
७६ हरिचंद्र मच्छीनो रास किमत १ रुपया.
७७ साधु श्री भिमसेनजी स्वामीको रास किं० १। रुपया.
७८ जैन ज्ञानसार संग्रह किमत १२ आना.
७९ स्नात्रपूजा अने दिगस्थानकनी पूजा किमत ४ आना.